पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

साप्ताहिक

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW & P M

W ebite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
Phone Fax: +91 731 2530859

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 9 अंक 62 प्रति सोमवार इंदौर, 19 से 25 अक्टूबर 2015 पृष्ठ 8 मूल्य 2/- रुपए

वा.कर स्वं निर्धारण व डीम्ड का षड़यंत्र

जीएसटी बहुराष्ट्रीय कं. हितकारी- बर्बाद होंगे करोड़ों व्यवसायी

अमेरिका ग्रीस की तरह राज्य सरकारों और भारत सरकार भी होंगी दिवालिया, फिर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ऋण की भीख मांगना

भारत की मोदी सरकार भी विश्व व्यापार संगठन की बहुराष्ट्रीय कं. के मोटे कमीशन के लालच में फंस करें जिस तरह वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी लागू करने के लिए उतावली हुई जा रही है, उससे स्पष्ट परिलक्षित होता है कि कुल मिलाकर मुखेरा जन पार्टी को राष्ट्र हितों और उसकी जनता के भविष्य से कदापि मतलब नहीं, उसे तो अपने बहुराष्ट्रीय कं., देशी पूंजीपति मित्रों, अडानी, अंबानी, टाटा, बिरला जैसे सैकड़ों को करों की वसूली में लाखों करोड़ की छूट देकर, स्वयं हजारों करोड़ का कमीशन हजम कर 2 करोड़ से ज्यादा लघु, मध्यम वर्गीय व्यवसायियों को नष्ट कर, बाजार की प्रतियोगिता को नष्ट कर एकाधिकारी बहुराष्ट्रीय कं. को राष्ट्र की 125 करोड़ जनता से लूट का मार्ग प्रशस्त करना है।

गुजराती चाय बैचने वाले धूर्त मक्कार मोदी को तत्काल फायदा चाहिए, उसे बिलकुल मतलब नहीं कि उसकी किस नीति से राष्ट्र की जनता के भविष्य पर 5 से 50 वर्ष बाद क्या असर पड़ेगा, फिर जिस भाजपा की स्थापना के मुरली मनोहर जोशी जैसे विद्वानों को अपनी तानाशाही चलाने के लिए गर्त में धकेल कर मानव संसाधन मंत्री के रूप में स्मृति ईरानी जिसे मंत्री की आंग्ल भाषा में शब्दांकन न आता हो, में बैठा दिया गया हो, जहां न अब कोई विद्वान मंत्री हो, उच्च स्तरीय सोचवाला अर्थशास्त्री हो, जो केवल महाजालसाज, कर चोर धूर्त, मक्कार जनता के घोर शोषणकारी पूंजीपतियों के इशारे पर नाचने में ही महान समझ रहे हो। उसे न केवल विश्व



वरन भारत की जनता से क्या सरोकार, जबकि ग्रीस के आर्थिक संकट का ताजा उदाहरण इन दानवों ने देखा हैं कि वहां कैसे युरोपियन देशों और उसकी बहुराष्ट्रीय कंपनी ने पहले कर्ज का मीठा विषैला रसपान कराया और बहुराष्ट्रीय ने अमेरिका जैसे और पिछले 10 वर्ष में इन्हीं पूंजीपतियों और बहुराष्ट्रीय ने अमेरिका जैसे देश में मोदी का दौर दिखाकर भुगतान संकट उत्पन्न कर दिया। सन् 2008 में इसी भुगतान संकट के चलते अमेरिका के बड़े-बड़े बैंक दिवालिया हो गए यह बात दूसरी थी कि उसमें सबसे ज्यादा जो कि लाखों-करोड़ में था भारतीयों का काला धन डूबोकर हजम कर लिया गया और भारत को अर्थव्यवस्था पर न केवल इस मंदी का आंच भी नहीं आई और हमारी अर्थव्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था थी, हमारी बैंक सरकारी थीं जो जनता के 70 प्रश लेन-देन का माध्यम थी, हमारे सारे उद्योग, धंधे, व्यवसाय पूर्णतः चंद पूंजीपतियों, उद्योगपतियों के चंगुल में नहीं थे, लघु उद्योग व्यवसायियों से न केवल स्वयं को वरन करोड़ों को रोजगार मिला हुआ था, उनसे सरकार कस्टम, एक्साइज विक्रय कर, आयकर के रूप में बराबर आय के स्त्रोत बने हुए थे, बेशक चीनी माल के आयात ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित किया, एक तरफ भारतीय उद्योग, धंधे और व्यवसाय चौपट हुए तो दूसरी तरफ 60-70 प्रतिशत आयात किए गए माल पर न केवल कस्टम, एक्साइज, नहीं मिला तो दूसरी तरफ आयात शुल्क, विक्रय कर और आयकर का भी नुकसान उठाना पड़ा, फिर चीन के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार और आय का स्त्रोत था, जिससे वह अपनी न केवल सैन्य शक्ति बढ़ा रहा हैं, जबकि सरकार चाहे तो मात्र 1 वर्ष में चीन के आयात को पूर्णतः प्रतिबंधित कर उसकी कमर तोड़ सकती हैं और उसके विकल्प में अपने उद्योग धंधे विकसित कर लाखों को रोजगार दे सकती हैं। वैसे भी चीनी अर्थव्यवस्था अभी इसी पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के विकसित होने के कारण डगमगा रही है और उसका लाभ आसानी से हम ले सकते हैं। इसके लिए छोटी इकाइयां, उद्योग और उद्यमियों को करों में, बिजली, पानी और अन्य प्रकार के अनुदान देकर विकसित किया जा सकता है। मानसून सत्र में केंद्र की भाजपा सरकार जीएसटी नहीं लगा पाई हैं तो ये जालसाजों की फौज अब अध्यादेश के माध्यम से लागू करने का षड़यंत्र रच रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सभी केन्द्र व राज्यों के सत्ताधीशों की गिद्ध निगाहें जमीनों पर

भूमाफिया और पूंजीपतियों की रखैल भाजपा, भू अधिनियम बदलने को बेताब

प्रम मोदी, मप्र का मुमं शिवराज व अन्य सभी मंत्री नाचते है भूमाफियाओं के इशारों पर अधिकांश बड़े समाचार पत्र मालिक स्वयं भूमाफिया या भूमाफियाओं के साथ

सत्ता में आते ही हर सत्ताधीश की निगाहें जमीनों पर अपनी जमीन मजबूत करने के लिए लगी रहती हैं। चाहे वो भारत के केन्द्र सरकार के मंत्री हो या राज्य सरकारें के मंत्री, अधिकारियों के साथ ही हर पूंजीपति की , उद्योगपति की निगाहें भी जमीन हथियाने पर लगी रहती है। केन्द्र व राज्यों में सत्ता चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, सपा, बसपा, जदयू, डीएमके या अन्य किसी दल की, इतिहास और वर्तमान देख लीजिए, न केवल मंत्री, सांसद, विधायकों, पार्षदों और सरपंचों से लेकर आईएएस, आईपीएस, आईएसएस से लेकर हर अधिकारी, बाबु, चपरासी तक, प्र.मं. मोदी ने भी आते ही किसानों की जमीनें हड़पने के लिए पुराने कानूनों को समाप्त कर नए कानून लाने की कोशिश की, संसद में भारी विरोध हुआ तो अध्यादेश लाने की कोशिश की, जब बात नहीं बनी तो तो भारी मन से तत्काल में तो इरादा बदलने और कानून न बदलने की घोषणा कर दी, इसके विपरीत अपने उद्योगपति, पूंजीपति मित्रों अडानी, अंबानी, टाटा, बिरला, भारती, से लेकर बहुराष्ट्रीय कं. यथा इंडियन टोबेको कं., हिन्दुस्तान लीवर बनाम युनिलीवर, जो भारतीय बाजारों में चिप्स बेचने से लेकर बड़ी-बड़ी परियोजनाओं में हिस्सेदार हैं।

(शेष पृष्ठ 11 पर)

सारी मोबाइल सेवा प्रदात्ता कंपनी हजारों करोड़ का डालती है डाका

कॉल ड्रापिंग उपभोक्ता को लूटने का नियोजित षड़यंत्र

भारत में वर्तमान में लगभग 100 करोड़ सिम कार्य कर रही है। सभी सेवा प्रदात्ता कं. यथा शास. बीएसएनएल, निजी में अंबानी की रिलायंस, भारती, टाटा, बिरला की आइडिया, वोडाफोन, विडियोकॉन ज जैसी 10-12 कं. जो मोबाइल सेवाएं प्रदान करती है। प्रतिदिन ग्राहकों से औसतन रु. 20 से 50 तक लूटती है। जबकि लूट में कॉलर टोन, एसएमएस, डाटा पेक के साथ ही जानबूझकर सुंदरियों से बात कीजिए,

साफ्टवेयर में ही व्यवस्था की गई है ताकि जनता को लूटने के साथ ही, अन्य तरीकों से बचत की जा सके

भविष्यफल, समाचार, शेयर्स जैसी अनेकों सेवाओं के नाम पर भी रुपए 3 से 5 प्रति मिनट काटकर अरबों रुपए की लूट उपभोक्ताओं के साथ भ्रमित करके ही कर दी जाती है। अधिकांश कं. के शिकायती काल सेंटर भी मुफ्त सेवा देने के नाम पर तबियत से पैसा लूटते हैं। इस प्रकार ये माना जाए कि रु. 20 प्रतिदिन के 20×100 करोड़ अर्थात रुपए 2000 करोड़ प्रतिदिन की इस लूट को रोकने की व्यवस्था सरकार की दूरसंचार नियामक आयोग के पास कोई व्यवस्था तो दूर वह इस लूट की शिकायत भी सुनना या लेना तक नहीं चाहता।

(शेष पृष्ठ 11 पर)

भारत का दृष्य-श्रव्य और मुद्रित प्रसार माध्यम है, धूर्तों के अड्डे

आतंकी याकूब जिसने 257 निर्दोषों को अकाल मौत की नींद सुलाया, उनका नायक वैश्या से बदत्तर सनी लिओनी उनकी नायिका यथार्थ कल्याणकारी भविष्य से दूर, निरर्थक, तथ्यों पर जनता का ध्यान लगाना

देश के दिशाहीन और धूर्त मीडिया में नहीं भविष्य परक दृष्टि

भारत का दृष्य श्रव्य प्रसार माध्यम, ज्ञानहीन, बुद्धिहीन और पूर्णतः दिशाहीन होने के साथ, निहायत बत्तमीज, पूर्णतः बिकाऊ, निहायत छिछोरों का गिरोह बन गया है, किसी भी दृष्य-श्रव्य समाचार शृंखलाओं में कोई भी बहुत बड़ा बुद्धिजीवी, समाज सुधारक, भविष्य परक दृष्टि का ज्ञानी-ध्यानी, संचालक, निर्देशक तो दूर कार्यक्रम प्रस्तोता तक नहीं, किसी भी विषय की पीढ़ी को दिशा-निर्देश देने वाला भविष्य के नियोजन में, वर्तमान की अधारशिला को मजबूती देने वाला कोई भी चिंतक दूर-दूर तक किसी भी समाचार शृंखला व केवल भारत की वरन् विश्व की दृष्य-शृव्य समाचार शृंखला में नहीं देखा गया, इकस दुष्परिणाम पूरी दुनिया के हर देश के न केवल प्रशासन वरन जनता को भी भुगतना पड़ रहा है, कोई देश दिवालिया हो रहा है, तो अमेरिका और चीन देश आर्थिक मंदी की चपेट में आकर जनता के हितों में कटौती करने पर मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि वहां कोई नीति नियंता, ज्ञानी, ध्यानी, विषय विशेषज्ञ, समाज शास्त्री, अर्थशास्त्री नहीं है, वहां प्रसार माध्यमों में केवल अर्थलोलुप, अपने कुकर्मों को छुपाने, सरकार प्रशासन पर दबाव बनाकर अपने को बचाने, धन कमाने, अवैध जमीनों पर कब्जे कर कॉलोनी काटने वाले अवैध कारोबार करने वाले माफियाओं का कब्जा है, जो सारे दिन किसी भी औचित्यहीन तथ्य पर जनता को भ्रमित कर, सनसनी फैलाने वाले समाचार तथ्य प्रस्तुत करते रहते हैं। जबकि होना यह चाहिए कि न केवल दृष्य-श्रव्य के साथ मुद्रित प्रचार-प्रसार माध्यमों के संचालक से लेकर पत्रकारों तक के मस्तिष्क में जनहित की भावना सर्वोपरि होना चाहिए, भूत क्या था, वर्तमान में क्या है? परंतु भविष्य में सर्वजन सुखाय- सर्वजन सुखाय क्या होना चाहिए, इस पर ध्यान केन्द्रित कर, समाचार की प्रस्तुति न केवल दृष्य व श्रव्य माध्यमों के साथ मुद्रित माध्यमों में भी होना चाहिए, जनहित, समाज राष्ट्रहित के साथ, (शेष पृष्ठ 10 पर)

संपादकीय

हर शाख पर उल्लू, अंजामे गुलिस्तां

कुंठित मानव ज्वालामुखियों से ज्यादा घातक

पूरे विश्व में मानव, समाज, राष्ट्र जो भी भारी पड़ा अपने से कमजोर को शोषित करने लगा। जिसने जिस पर विश्वास किया उसने उसके साथ विश्वासघात किया। जनता पूरी दुनिया के लोकतंत्र में जिस पर विश्वास कर नेता चुनती हैं, वह उस नेता जनता के विश्वास का सम्मान कर, जनता के संपूर्ण सुखद भविष्य की कामना की अपेक्षा जनता, के विश्वास को उसकी मजबूरी समझ, सत्ता को बाप की जागीर समझ उसे सत्ता में मिले अधिकारियों और शक्तियों को हथियार बनाकर, जनता पर ही सबसे पहले उपयोग करता है, जनता से लूट, जनता का शोषण कर, उसके धन से दिन में दस जोड़ी कपड़े बदलता हैं। जनता महंगाई, हर कदम पर सरकारी लूट, पूंजीपतियों की लूट से भले ही त्राहि-त्राहि कर रही हो, पर स्वयं को थोड़ी सी गर्मी लगने, अपने कुकर्मों की जालसाजियों की आलोचना होने पर मुंह छुपाकर जनधन का दुरुपयोग करते हुए विदेश यात्राओं पर घूमने निकल जाता है। अपनी कमाई के कमीशन, के लिए पूंजीपतियों के हित साधन और श्रमिकों के चहुंदिशी शोषण के लिए पुराने कानूनों को समाप्त कर, नए कानून बना, श्रम के घंटे बढ़ा देता हैं। न्यूनतम जीवन यापन की मजदूरी की दरें कम कर देता हैं। सबको रोजगार का वादा करने के नाम पर लाखों सरकारी पदों को समाप्त कर देता है। छोटे व्यापारियों, छोटे उद्योगों को अपने मोटा कमीशन देने वाले पूंजीपती मित्रों के लिए समाप्त करने कभी जीएसटी लगाने की बात करता है, तो किसानों से जमीन हड़पने के लिए भूमि सुधार कानून लगाने की पहल करता है, छल-कपट से सत्ता हथियाकर चारों तरफ त्राहि-त्राहि करने के लिए जनता को मजबूर कर देता है।

संपूर्ण पृथ्वी के जिस हिस्से में देवीयों-देवताओं ने जन्म लिया हो वहां ज्ञान-विज्ञान गणित अर्थशास्त्र से लेकर वेदों, उपनिषदों, संहिताओं की रचना करने वाले ऋषि मुनियों की जन्म स्थली आखिर क्यों सहस्त्रों वर्षो से गुलामी का देश झेलती रही, इसके पीछे अगर इतिहास में जाएं तो मालूम पड़ता है कि जिस धरती पर देवताओं का जन्म हुआ था, वहां दानवों का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपनी मौज-मस्ती के लिए जनता का घोर शोषण किया जिससे जनता कुंठित हुई और कुंठित मस्तिष्कों की कुंठाओं ज्वालामुखियों से ज्यादा घातक होती है, उसी की देन था कि विदेशी आक्रमणकारियों ने आसानी से जन सहयोग के चलते इस राष्ट्र पर राज्य किया, शोषणकारी राजसत्ताओं को उखाड़ फेंका।

पूंजीवाद घोर शोषणकारी है, वह येन-केन प्रकरेण अपने लाभ के लिए सत्ताधीशों को अपनी जेब में डाल, अपनी लूट, शोषण, डकैती डालने की प्रवृत्तियों को बचाने कानून बनवाते हैं, प्राकृतिक मानव निर्मित साधनों पर कब्जे जमाते हैं। फिर मनमाने तरीके से लूट का तांडव करते हैं। शिक्षा, बिजली, सड़कें, दूरसंचार, परिवहन, यात्रा आदि सत्ताधीशों ने अपने मोटे कमीशन को हड़पने, पूंजीपतियों को लूटने के लिए छोड़ दिया, जिन्हें मिश्रित अर्थव्यवस्था के अंतगर्त सरकार ने आधारभूत सेवाएं मानकर अपने अधीन रखा था, पर पूंजीवादी राक्षसों के हाथों में जाने पर जनता को लूटने, शोषण करने के लिए नए नियमों और कानूनों को बनाकर लूट तो कई गुना कर रहे हैं। पर सेवाएं निम्न स्तर की देकर जनता के मस्तिष्क को कुंठित कर रहे हैं। जिसका जनता न तो सत्ताधीशों के कानूनों के कारण यदि जवाब नहीं दे पा रही है तो पूंजीपतियों, सत्ताधीशों को यह नहीं सोचना चाहिए कि जनता हमारा क्या कर लेगी, नियम-कानून, सत्ताधीश सब हमारी जेब में हैं, तो ये भ्रम न केवल पूंजीपतियों, सत्ताधीशों को किस रूप में भारी पड़ेगा यह समय परिभाषित करेगा, परंतु हर सरकारी विभाग में बैठे नौकरशाहों से पूंजीपतियों तक सब जनता के इस आक्रोश और कुंठा का शांत रहकर भी जनता के मस्तिष्क में जो ज्वालामुखी बन रहा है, वह किस रूप में फूटेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

नर्मदा भ्रष्टाचार घाटी विकास प्राधिकरण

भ्रष्टों, जालसाजों, अध्यक्ष से लेकर उपयंत्रीयों तक डकैतों का अड्डा

महाभ्रष्ट, निकम्में, जालसाज राकेश साहनी को बना दिया अध्यक्ष, सेवा निवृत्ति के 10 वर्ष बाद, बाकी पाठक अंदाज लगा सकते हैं या समय माया के पूर्व के प्रकाशन पढ़ सकते हैं

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज को भ्रष्ट गणों से भारी स्नेह है, उसको पूरे मंत्रिमंडल में सभी मंत्री कोई भूमाफिया, खदान माफिया, जंगल माफिया, कर चोरी करने और करवाने वाला वित्त मंत्री जैसे पदों की शोभा बढ़ा रहे हैं। हालात यह है कि प्रदेश के शासकीय कोष के जब कौओ उड़ने की नौबत आ जाती है, तो बाजार से कर्ज उठाकर, कांग्रेस की तरह घी पीने के आदी हो चुके है। इन सारे कार्यों को संपन्न करने के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में धूर्त इंडियन एव्यूसिंग सर्विस के भ्रष्ट अधिकारियों जिसमें इकबाल सिंग बैस, एसके मिश्रा, विवेक अग्रवाल जैसे महाधूर्त जालसाजों को बैठाया ही इसलिए गया है कि वो प्रदेश और उसकी उन्नति की आड़ में केवल लूट का तांडव करें और आंच भी ना आए इसलिए प्रदेश के हर मंत्रालय और विभाग में चुन-चुन कर भ्रष्टों, जालसाजों को चाहे, उन्हें सेवानिवृत्ती पाए 10 वर्ष ही क्यों न गुजर गए हो, कम से कम मुख्य सचिवों के सेवा निवृत्त डकैत राकेश साहनी, जिसने इंदिरा सागर बांध में डूब प्रभावितों की अरबों रुपए की क्षतिपूर्ति राशि अरबों में डकारी गई। उसके खलनायक रह चुका था स्वाभाविक था उसका हिस्सा मुख्यमंत्री को भी पहुंचाया गया। ऐसे सैकड़ों कृत्यों में भारी भ्रष्टाचार से जो धन कमाया गया, जिसमें नर्मदा घाटी भ्रष्टाचार विकास प्राधिकरण में तो यथार्थ में भ्रष्टाचार की घाटी है, जहां हर कदम, भारी जालसाजियां, सं.कं. 1 से लेकर सं.क.32 बड़वाह तक में 1980 से लेकर अभी तक की जा रही है। जहां फोटोकॉपी के ही बिल लाखों में पूर्ण फर्जी होने के बाद भी भुगतान किए गए। जो संभाग 1 नागोद से लेकर 32 बड़वाह तक के 1985 से लेकर 2015 तक 30 वर्षों में अरबों रुपए में भुगतान कर पैसा हजम किया गया। कुछ संभागों के फर्जी बिलों के भुगतान के दिनांक क्रमांक रोकड़ के व्हाउचर नंबर तक समय माया ने सन् 2004 से लेकर 2015 तक अनेकों अंकों में छापे, जिसका पैसा प्रमुख अभियंता, उपाध्यक्ष तक पहुंचा, यहां सदस्य अभियांत्रिकीय है।

सेवानिवृत्त राकेश साहनी तो मुख्य सचिव से सेवा निवृत्ति के बाद मोटा धन देकर मप्र ऊर्जा नियामक आयोग के सदस्य बनाए गए थे, वहां का कार्यकाल पूरा करने के बाद आयोग के नियमों के विपरित मोटा धन खर्च कर पुराने रिश्तों का दबाव बनाकर, भ्रष्टाचार की घाटी के अध्यक्ष पद हथियाने में सफल हो गए, वैसे इनके विरुद्ध जबलपुर के सामाजिक कार्यकर्ता ने जबलपुर उच्च न्यायालय में याचिका लगा दी है।

पूरे भ्रष्टाचार विकास प्राधिकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक अर्थात अध्यक्ष राकेश साहनी, उपाध्यक्ष रजनीश वैश, सदस्य अभियांत्रिकीय, शिवहरे, सदस्य पर्यावरण व वन एमपी सिंह, सदस्य वित्त सुधीर पंवार, आयुक्त श्रीमती रेणुपंत पुर्नवास और संचालक प्रकाश बागड़े सभी मिलकर चारों तरफ भ्रष्टाचार कर लूट-पाट में लगे हैं। अब उनके सरंक्षण दावा अध्यक्ष राकेश साहनी के आ जाने से सोने से सुहागा हो गया।सचिव बने बीपीएस परिहार जिसे बार-बार समय वृद्धि देकर मात्र इसीलिए बैठाया गया है कि वो आसानी से अपना हिस्सा डकारकर हर उल्टे-सीधे कार्य को हस्ताक्षर करते रहे। सब अपने-अपने हिस्से का भ्रष्टाचार कर पैसा डकारते रहे। इंदिरा सागर बांध की नींव 20 मी. खोदी जाकर 20 मी. से उठाया जाना चाहिए था, जिसे मात्र 10 मी. से बनाकर 10 मी. का जो प्रावकलन गया था पैसा उसके हिसाब से हजम किया गया अब जब बांध की नींव चटकने और उखड़ने लगी तो फिर रु. 285 करोड़ का बजट स्वीकृत कर उसकी मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया गया, आखिर नींव चटकने और उखड़ने की जांच क्यों नहीं की या करवाई जाती, यह ठोस तथ्य भी मुख्य अभियंता ने ही श्री अजमेरा को बताए थे, दूसरी ओर यही भ्रष्टाचार ओंकारेश्वर बांध में भी किया गया है जिसका प्राक्कलन में नीवं 12 मी. थी, जो कि मात्र 6 मी. अर्थात लगभग 18 फुट ही डाली गई है, इसकी जांच भी किसी अभियांत्रिकीय के विशेषज्ञों से करवाई जानी चाहिए।

सन् 2008 नवम्बर में रु. 2300 करोड़ के जो ठेके हुए थे उसमें 10 प्रश मशीनरी अग्रिम और 5 प्रश कार्यशील पूंजी अग्रिम दिया गया था। अधिकांश कार्य जो बरगी बांध की नहरों और इंदिरा सागर बांध की नहरों के लिए दिया गया था, सब लेकर ठेकेदार गायब हो गए। उस पैसे की वसूली और कार्यों की जो कि अभी तक पूरे नहीं हुए, कितने हरामखोर इंजिनियरों की जांच कर निलंबित किया गया, फिर इंदिरा सागर की नहर का पानी भले ही 200 किमी से आगे बड़वानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है, परंतु कितनी माइनर नहरें और कितनी डिस्ट्रीब्यूटरी अर्थात वितरण नहरें सीधा खेतों का पानी पहुंचा पाई है। जहां से नहरे निकली है अधिकांश किसानों ने रास्ते में अपने पंपों से पानी खींचकर उपयोग किया है, यहां भी कागजी दावे बड़े-बड़े किए जाते हो, परंतु स्थितियां इसके विपरीत है, जबकि अरबों रुपए की बर्बादी की जा चुकी है।

नर्मदा क्षिप्रा लिंक में बिछाए गए पाइप जो कि 2 मी. होने चाहिए थे, मात्र 1.80 मी. परिधि के होने के उपरांत भी 2 मी. का भुगतान किया गया। ऑडिट आपत्ति आने पर भी भुगतान करने वाले तत्कालीन इंजिनियर्स सबनानी से अभी तक नहीं पूछा गया, दूसरी ओर रु. 396 करोड़ की इस योजना जिसमें रु. 450 करोड़ खर्च किया गया, पानी क्षिप्रा पुल देवास तक भी नहीं पहुंचा, जिसका प्रचार-प्रसार और उपलब्धि का प्रचार इंदौर, भोपाल से लेकर दिल्ली तक बड़े जोर-शोर से किया गया। अब अरबों रुपए डकारने के लिए नर्मदा गंभीर लिंक परियोजना रु. 2300 करोड़ जिसमें अभी सर्वे कार्य चल रहा है। 10 प्रतिशत मशीनरी और 5 प्रश कार्यशील पूंजी अग्रिम निविदा खोलने के साथ ही दे दिया गया था, स्वाभाविक है भ्रष्ट का.यं. जेके सावला, अधीक्षण यंत्री और मुख्य अभियंता से लेकर उपाध्यक्ष, मंत्री और मुख्यमंत्री तक रुपए 270 करोड़ के अग्रिम में बंदरबांट हो गई क्योंकि निविदा 10 प्रश से ज्यादा नीचे में गई, अब परियोजना पूरी हो न हो। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे का.यं. मीना सं.क्र. 25 व 28 दोनों का प्रभार संभाल रहे हैं। मीना ने पुनासा उदवहन परियोजना में भारी भ्रष्टाचार किया।

विभाग के भ्रष्टों ने उसे 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ कर रखा है। वही हाल का.यं. उइके जो पिछले 15 वर्षों से सं.क्र. 30 मनावर में रहकर दोनों हाथों से वसूली कर तृतीय चरण ओंकारेश्वर नहरों का कार्य देख रहे हैं। पर अरबों रुपए खर्च होने के बाद भी 1 इंच खेत नहीं सींच पाए बेशक बदले में उपयंत्रीयों से लेकर सहा. यंत्रियों, स्वयं, अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता के साथ सदस्य अभियांत्रिकीय, उपाध्यक्ष अपनी जेबों की खूब सिंचाई की।

अधीक्षण यंत्री से अजनारे को पदोन्नत कर मुख्य अभियंता स्थाई कर इंदौर में ही पदस्थ कर दिया गया है, इन्हीं के संरक्षण में ओंकारेश्वर दायी-बाई नहरों का कार्य 3 गुनी अवधि में भी पूरा नहीं किया जा सका है। साथ ही महंगाई का भुगतान भी हर वर्ष विभागीय कमीयां बताकर ठेकेदारों को किया गया, जबकि दाई-बाई नहरों में पूरा कार्य टर्न की आधार पर दिया गया था, न तो वर्षों बाद ठेकेदारों को हटाया गया और न ही किसी भी विभागीय

जांच की गई।

सूचना के अधिकार में संभाग क्रमांक 32 में 05/05/15 को पैसे जमा करवाने के बाद भी अभी तक जानकारी नहीं दी गई है। बड़वाह में चक्कर लगाने के बाद जब भी गए तो हरामखोर और जालसाजों की फौज बहाने बनाकर टरका देती है। संभाग क्रमांक 21 में आवेदन देने के बाद जब भी अनियमितता के लिए अपील की गई तो अ.यं. बेरिया ने सुनवाई के लिए हर पत्र में चालबाजी की कमी पत्र सुनवाई के दिन शाम को मिला तो कभी सुनवाई अमावस और पूनम को रखी गई ताकि भीड़-भाड़ में फंसकर आवेदक उलझ गए क्योंकि अमावस-पूर्णिमा के दिन बड़वाह से लेकर खेड़ी घाट तक सुबह से वाहन गुत्थमगुत्था होते रहते है। इस प्रकार सुनवाई अटकाकर रखी है।

इंदिरा सागर नहरों के हर संभाग में हर महीने फोटोकॉपी व अन्य फर्जी कार्यों के फर्जी बिलों के भुगतान के सबंध में समयमाया ने 21 नंबर व अन्य संभागों के बारे में छापा था। अभी तक मुख्यालय भोपाल में बैठे धूर्तो ने कोई जांच नहीं बिठाई है। का.यं. सं.क्र. 21 पूर्व के सीएल आरध के फर्जी जाति प्रमाण पत्र के अनेकों शिकायतों के बाद पदोन्नत कर दिए गए हैं। बेशक हर कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ। नर्मदा घाटी पुर्नवास आयुक्त में लाखों रुपए प्रतिमाह का छोटे-छोटे अधिकारियों को अपात्र होने पर भी बड़ी-बड़ी गाड़ियों के किराए का भारी भुगतान किया जा रहा है। जो टैक्सीयां किराए पर रुपए 18500 प्रतिमाह में 1000 किमी पेट्रोल-डीजल के साथ किराए पर मुख्य अभियंता निचली नर्मदा परियोजना में ली गई है। नीचे आयुक्त कार्यालय में वहीं गाड़ियां रुपए 22500 प्रतिमाह के किराए पर पेट्रोल-डीजल अलग से भुगतान पर ली गई है। हर पुर्नवास में जमीनों के मुआवजे और प्लाटों के आवंटन में भारी भ्रष्टाचार और जालसाजियों के लिए कुख्यात रहा।

केग के लेखाधिकारियों से राज्य सरकारों को परहेज- ताकि भ्रष्टाचार कर सके

जिला स्तरीय हर विभाग में हो केग का लेखाधिकारी

वर्तमान में मात्र कार्य विभागों में, उन्हें भी धीरे-धीरे समाप्त किया जा रहा है

भारत के महानियंत्रक, अंकेक्षक, जिसे राष्ट्रीय और राज्यों के शासकीय विभागों के जनधन के लेखों के अंकेक्षण की जिम्मेदारी है, और पिछले कुछ वर्षों में उनके कार्यों की सराहना भी हुई है, और उनके विभाग द्वारा ही लाखों करोड़ के घोटालों की जानकारियां भी सामने लाई गई हैं। उनके विभाग की हर राज्य में स्वतंत्र शखा हैं, जो राज्यों के लेखों और वित्तीय अनियमितताओं की जानकारियां राज्य सरकार की ओर से केन्द्र को भेजती हैं। जिससे राज्य सरकार के विभागों और राज्य के महाआरक्षक में और विभागीय,संचालको, आयुक्तों, प्रमुख अभियंताओं में हमेशा टकराव होता रहता है, स्वाभाविक है कि वहां हड़कंप मच जाता है, चूंकि वैधानिक आवश्यकता है इसलिए भ्रष्टाचार के दस्तावेजों को गायबकर केवल वे ही दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं। जिनमें कम से कम गैरकानूनी कार्य हो, जबकि अंकेक्षण का ये समूह भी न केवल भारी भ्रष्ट, वसूलीबाज और जालसाज भी होता है। जो स्वयं मोटा धन हजमकर, जो प्रश्नावली तैयार करता है, उसमें आवभगत खाने-पीने के साथ मोटा धन ऐंठकर, छोटे-छोटे न फंसने वाले नोट तैयार कर जवाब मांगता हैं, लेन-देन की संतुष्टि पर अपनी खानापूर्ति कर चल देता है।

इसके साथ ही राज्यों के महालेखाकार कार्यालय द्वारा शासन के कार्य विभागों तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकीय, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण आदि में संभागीय कार्यालयों में अपने नियमित संभागीय लेखाधिकारियों की भी नियुक्ति करता है, जो कि कार्यपालन यंत्री की दिशा निर्देश लेखों, बिलों के भुगतान और वैधानिकता के अनुसार बताकर नाप-पुस्तिका के आंकलन, निविदाओं उसकी प्रक्रिया, रोकड़ बही आदि को भी देखकर करता है, परंतु केवल कागजी कार्रवाई तक ही उसका कार्य सीमित होता है, यथार्थ में केन्द्र व राज्य शासन ऐसे संभागीय लेखाकारों के भ्रष्टाचार रोकने, जन-धन का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी अंकेक्षण जो कार्य स्थल पर जाकर करें, बिना कोई दिशा-निर्देश कार्यवाहक को दिए सीधे कार्यपालन यंत्री, अधीक्षण यंत्री, मुख्य अभियंता को सूचित करें, ताकि कार्य विभागों में हो रहे भारी भ्रष्टाचार को रोका जा सके, वर्तमान हालात इसके विपरीत ये हैं, कि कार्य विभागों में संभागीय कार्यालयों में हर विभाग में मप्र महालेखाकार पर्याप्त सं. लेखाकारों को भी नहीं भेज पा रहा, फिर राज्य शासन में बैठे भ्रष्ट, जालसाज, प्रधान सचिव, सचिव प्रमुख अभियंता भी नहीं चाहते कि मप्र महालेखाकार के ये संभागीय लेखाधिकारी संभागों में नियुक्त किए जाए, जो उनकी लूट-पाट, भ्रष्टाचार और जालसाजियों को रोके, वैसे दूध का धुला न तो संभागीय अधिकारी होता है, न संभागीय कार्यपालन यंत्री, वो फर्जीवाड़ें में रोक-टोक न हो, इसेक लिए वो इस सं. लेखाधिकारी को भी हर बिल पर 1 से 2 प्रश्न बांध देता है, फिर भी संभागीय लेखाधिकारी जो होशियार है, वो नियम कानूनों की कागजी आवश्यकताओं और कार्रवाइयां अवश्य पूरी करवाता है, परंतु धूर्त कार्यपालन यंत्री जो सभी कार्य विभागों के निर्माण और रखरखाव, मरम्मत आदि के फर्जी, गड़बड़ वाले मामलों को इस सं. ले.अ. के पास भेजते ही नहीं, सीधे ही डीए की टिप्पणी, कार्रवाई को संपन्न कर डालते हैं। दूसरी ओर सभी कार्य विभागों यथा लो. स्वा. यां. के प्र.सं. सचिव, प्रमुख अभियंता ने इन्हें संधारण और नियमित खंडों की पदस्थापना के यथावत रखा, परंतु यांत्रिकीय और विद्युत खंडों से नियुक्तियां और पद ही समाप्त कर दिए वही हाल जल निगमों में भी किया वहां के संभागों में भी इनकी पदस्थापना ही नहीं है।

वही हाल लोकनिर्माण विभाग में भी किया गया जिसकी नई खुली शाखा परियोजना क्रियान्वयन इकाई में मप्र महाअंकेक्षण कार्यालय के लेखाधिकारियों के स्थान पर राज्य सरकार के कोष एवं लेखा के लेखाधिकारियों की नियुक्ति कर दी, जिन्हें कार्य विभागों की अ,ब,स,द भी नहीं आती, जिससे खुलकर भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसके बारे मे 'समय माया ने जुलाई के अंक में छापा था कि कैसे एमटीएच कंपाउंड में बनने वाले भवन करोड़ों रुपए के धन की बंदरबांट की गई, फिर लोकनिर्माण विभाग में चल रहे सड़क डकैती विकास निगम में भी संभागीय कार्यालयों में भी एमपीएजी के लेखाधिकारों की नियुक्ति नहीं की गई है, जिसके संबंध में मप्र सड़क डकैती विकास निगम के सं.क्रं. 2 के बारे में छापा था कि किस प्रकार आईटी पार्क में रु. 2 लाख के छोटे-छोटे काम बड़े काम को तोड़कर करवाए गए, यह लूटमार और पैसा हजम करने का तरीका पुराना और सबसे प्रचलित हैं, चूंकि वहां पर डीए की पदस्थापना ही नहीं है, इसलिए कोई रोकने टोकने वाल नहीं है, और नियम कानूनों की खुले में धज्जियां उड़ाई जा रही। वही हाल नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के संभागों, मंडल कार्यालयों, मुख्य अभियंता कार्यालय में भी किसी में भी एमपीएजी कोई लेखाधिकारी नहीं है, यहां पर भी कार्य विभागों के नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। वरन् अरबों रुपए के भुगतान भी हर वर्ष किए जा रहे हैं। 32 नंबर संभाग में भी टर्न की प्रोजेक्ट दिए गए, इसके विपरीत महंगाई का भुगतान भी न केवल 32,20,30 क्रमांक के संभागों में भी किया गया, जिससे शासन को करोड़ों रुपए का हर संभाग में अधिक भुगतान करना पड़ा और परियोजनाएं भी वर्षों लंबित की गई, सनावद के 21 नंबर संभाग में तो 10 वर्षों से अरबों रुपए के फर्जी भुगतान किए गए, यहां पर 2000 से 2012 एक ही कार्यपालन यंत्री पदस्थ रहा, एमपीएजी का लेखाधिकारी न होने से नघा, विप्रा में जबलपुर, मंडला, सतना, कटनी, नागोद से लेकर भोपाल-इंदौर के 23 नंबर, 32, 20, 8, 9, 10, 15, 20, 21, 16, 30, 12, 19, 18, 24, 25, 27, 13 आदि में भारी लूट और भ्रष्टाचार का तांडव चल रहा है, वैसे भी कोशिश की जाती है कि एमपीएजी का सं.ले. अधिकारी पदस्थ ही न हो, अगर पदस्थ हो ही जाए तो उस पर परेशान करने का आरोप लगाकर भगवा दो, बेशक उससे कानूनों का पालन करने और भ्रष्टाचार रोकने, न होने देने के कारण इन विभागीय कर्मचारी, अभियंता बोझ मानते हैं। इसके विपरीत यदि सभा लेखाधिकारी भी यदि भ्रष्ट और खुलकर वसूली करने और आंख भींचकर हस्ताक्षर करने वाला हुआ तो कम परेशानी महसूस करते हैं। मप्र को ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग में तो जिला पंचायतों का कार्य ही होता है, यहां पर भी डीए की पदस्थापना है, पर न होने पर मु.का.अ.जिला पंचायत, तक को राहत महसूस होती है, एमपीएजी के पास भी स्टाफ की कमी के कारण से मप्र के 51 जिलों 52 से ज्यादा संभागों में अधिकांश खाली है। जहां पर डीए की पदस्थापना होने के बाद भी अधिकारी नहीं है, इसलिए यहां पर भ्रष्टाचार जो केन्द्र शासन और राज्य शासन का धन ग्रामीण विकास के लिए आता है, खुलकर भ्रष्टाचार किया जाता है, 25 से 80 प्रश कार्य गुणवत्ताहीन होने के साथ ही कागजों पर ही संपन्न कर दिए जाते हैं। इस प्रकार प्रदेश में अरबों और देश में हजारों करोड़ के धन को केवल कागजों पर दिखाकर हजमकर लिया जाता है, वहां पर भी नियमित सं. लेखाधिकारी की नियुक्ति हर हाल में संभाग में की जानी चाहिए।

यथार्थ में होना यह चाहिए कि शासन के न केवल कार्य विभागों वरन् राजस्व कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, वन, पुलिस, जेल, उद्यानिकी, न्याय ग्राम एवं नगर निवेश से लेकर नगर निगमों पालिकाओं, विकास प्राधिकरणों के साथ ही राज्य सरकार के हर विभाग में एमपीएजी का नियमित लेखाधिकारी पदस्थ होना चाहिए। विभागीय अंकेक्षक, बाबू, अंकेक्षण क्रय, वसूली में ज्यादा संलिप्त पाया जाता है, राज्य सरकार के कोषालय के वित्तीय अधिकारी जो कि मप्र वाणिज्यकर, आबकारी, खनन, राजस्व आदि में होते हैं। सो औपचारिकताएं भी पूरी करने में सक्षम नहीं होते, न ही नियम कानूनों के ज्ञानकार, न सख्ती से पालन करवा सकने की क्षमतावान इसलिए राज्य सरकार के हर विभाग में खुलकर लूटपाट और भ्रष्टाचार होता है।

वर्तमान और भविष्य में गुणवत्ता पूर्ण कार्य, जनधन का यथार्थ सदुपयोग के लिए आवश्यक यह भी है कि अंकेक्षण केवल कागजी खानापूर्ति और नियमों का पालन ही न करवाएं वरन् तकनीकी अंकेक्षण, गुणवत्ता और उसका वास्तविक मैदानी सत्यापन कर ही भुगतान सुनिश्चित करें।

वास्तविकता में केंद्र सरकार के अंकेक्षण विभाग के इन सं. लेखा अधिकारियों को राज्य शासन के सभी विभागों के वित्तीय नियमन और भुगतान का स्वतंत्र रूप से प्रभारी और जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार को रोका जा सके, इससे भ्रष्टाचार और धन की बर्बादी रोकी जा सकेगी और राज्य सरकार के अधिकारी, इंजिनियर्स, डॉक्टर्स, कृषि वैज्ञानिक, कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षा अधिकारी जिला पंचायत अधिकारी, वन, पुलिस, न्यायालय, आबकारी, वाणिज्यकर आदि में वित्तीय भुगतानों, दस्तावेजों के नियम्मन आदि का कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। इसके विपरीत संभागीय लेखाधिकारियों के साथ केन्द्र के अंकेक्षण समूह राज्य सरकारों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव से लेकर प्रधान सचिवों, सचिवों, विभाग प्रमुख, जिला प्रमुखों से लेकर हर विभाग के बाबुओं की आंख किरकिरी होता है जो इनकी लापरवाहियों, भ्रष्टाचारों अनियमितताओं को उजागर कर देता है और उनके द्वारा किए गए कुकर्मों को उनके ही गले की हड्डी बना देता है। मप्र के लो.नि.वि., लो.स्वा.या., मप्र जल संसाधन के कार्यपालन यंत्री और उनका स्टाफ इन सं. लेखाधिकारियों को अपने भ्रष्टाचार और लूटपाट में कबाब में हड्डी मानकर, क्योंकि वो नियम कानून मानने, भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास करता है, इन्हें न केवल तरह-तरह से परेशान करने अपमान करने और बत्तमीजी पर उतर जाता है, यहां तक घटनाएं घटती हैं कि इन्हें ताले में बंद करना, इनके कक्षों पर ताले जड़कर बाहर बेंच पर बैठाना कमरे की लाइट काट देना चूंकि ये सं. लेखाधिकारी केन्द्र सरकार के कर्मचारी होते हैं, तो वो कार्यपालन यंत्री या अन्य अधिकारियों के छल-कपट, जालसाजियों को स्वीकार नहीं करते। जबकि संभागीय लेखाधिकारी की पदस्थापना न केवल संभागों में वरन मंडलों, अंचलों और मुख्यालय में भी होनी चाहिए, जो पूर्ण रूप से वित्तीय कार्यों को, भौतिक सत्यापनों के साथ स्वतंत्र रूप से करें।

देश में नहीं वस्त्रों की गुणवत्ता, मानव शरीर पर प्रभाव जानने की प्रयोगशाला

विदेशों में रद्द किए कपड़ों से चल रहा भारतीय गार्मेंट उद्योग

यूरोप में बीटी कपास के कपड़े भी प्रतिबंधित, सिंथेटिक कपड़े फैला रहे चर्मरोग, बढ़ा रहे नामर्द, पर उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध नहीं, साथ ही ब्रांडेड कं. के लेबल पर भी झूठी जानकारियां

पूरे भारत में सिले हुए वस्त्रों का भारी मात्रा में निर्यात किया जाता है, जिससे करोड़ों लोगों को किसानों के साथ ही रोजगार प्राप्त होता है। 1980 से सन् 2000 के बीच अंबानी ने कपड़ा उद्योग पर कब्जा करने के लिए अधिकांश सूती कपड़ा मिले बंद करवा दी, वैसे ही जैसे टाटा ने भारत की थाली में नमक पर कब्जा जमाने के लिए आयोडीन नमक का 1972 में कानून बनवाकर कब्जा किया। हालात ये है कि भारत के बाजारों में मानव वस्त्रों के नाम पर 60प्रश कपड़ा कृत्रिम रेशों से बना या मिला हुआ कपड़ा बाजार में बिक रहा है। सूती जींस के नाम पर भी स्ट्रेच जींस के पेंटों में भी कृत्रिम, त्वचा को हानिकारक रेशे या धागे मिलाकर बनाई व बेची जा रही है जो अंडकोषों को कमजोर कर रही है, जिससे पुरुषों के वीर्य में शुक्राणु समाप्त करने के साथ स्त्रीयों में बांझपन पैदा कर रही है। डॉक्टर ऐसी बीमारियों के चलते सूती कपड़े पहनने की सलाह हो दे रहे हैं। परंतु न तो स्वास्थ्य मंत्रालय और न ही कपड़ा मंत्रालय का ध्यानाकर्षण कर ऐसे मिलावटी कृत्रिम रेशों के वस्त्रों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। अमेरिका व युरोपीय देशों जिन्होंने कृत्रिम रेशों से धागा बनाकर एशिया के बाजारों में तो निर्यात कर रहे हैं। पर स्वयं शुद्ध सूती वस्त्रों को वह भी शुद्ध देशी भारतीय कपास जिसे जैविक खाद से तैयार किया गया हो, को ही आयात करके पहन रहे हैं।

बीटी कॉटन जिसे अमेरिकी कं. ने अपने पेटेंट अधिकार के साथ भारत में बेच रहे हैं। जिसके लिए भारतीय किसानों में मई-जनू में बीज खरीदने के लिए भारी लड़ाई-झगड़े होते हैं। जिसके लगातार खेतों में बोने पर तीसरी चौथी फसल न केवल बिगड़ जाती है। वरन् कृषि भूमि भी बंजर होने लगती है। जिसके परिणाम स्वरूप कपास कटिबांध कहे जाने वाले महाराष्ट्र और मप्र में ही हर वर्ष फसल बिगड़ने से हजारों किसान आत्म हत्याकर रहे हैं। सन् 2000 के बाद से 2015 तक पूरे देश में करीब ढाई लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इसके विपरीत न तो कृषि मंत्रालय इस बीटी कॉटन को प्रतिबंधित कर रहा है और न ही लालच में किसान खरीदने से बाज आ रहा हैं, चूंकि इसक बीजों के ही इतना विषैला बना दिया गया है कि उसमें कीड़े न लगे, यही विष वस्त्र बनने के बाद त्वचा में विविध प्रकार के सतही रोगों के साथ मानव शरीर की आंतरिक प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर विविध बीमारियां पैदा करता है। इसी कारण बीटी कपास निर्मित कपड़ों को यूरोपीय देश नहीं खरीद रहे हैं। पीथमपुर की प्रतिभा सिंटेक्स अपने यहां केवल देशी बीजों का जैविक खाद व कीटनाशकों के प्रयोग से उत्पादित ही कपास खरीदकर वस्त्र उत्पादित कर निर्यात करता है, युरोप में वस्त्रों की गुणवत्ता जांचने की प्रयोगशालाएं है, जो साधारण देशी कपास की गुणवत्ता निर्धारण करती हैं, तभी आयात की छूट देती है। परंतु भारत वस्त्रों को इस स्तर पर जांचने की प्रयोगशाला की न तो कोई व्यवस्था है, यहां तक की वस्त्रों पर उसमें कितने प्रतिशत सूती है, कितना कृत्रिम और उससे मानव त्वचा पर क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। कहीं पर भी घोषित करता हुआ लेबल चिपकाने की बाध्यता जैसा कि युरोपियन देशों में हैं। भी इस देश में अभी तक नहीं है, जिससे देश में सभी उम्र और वर्ग के लेकर चर्म रोगियों की संख्या में गुणात्मक वृद्धि हो रही है। पर सरकारें सो रही हैं।

साप्ताहिक समय माया

मौतों की सामग्री के असली व्यवसायी मंत्री को बचा रही, सरकार

मंत्री अंतर सिंह और पुत्र विकास आर्य विस्फोटक के असली कारोबारी

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के पेटलावद में शनिवार 12 सितम्बर सुबह एक घर में एक-एक कर कई धमाके हुए। इसकी चपेट में आकर सैकड़ों लोगों की मौत हो गई जबकि सैकड़ों लोग घायल हैं। धमाके का कारण घर में रखा भारी विस्फोटक था, जिनमें आग लगने से हादसा हुआ। हादसे में पास के एक रेस्टोरेंट की छत भी ढह गई जबकि आस-पास के कुछ दूसरे घरों को भी नुकसान पहुंचा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे की जांच के आदेश दिये हैं। झाबुआ कलेक्टर अरूणा गुप्ता के अनुसार विस्फोट पेटलावद बस स्टैण्ड के निकट सुबह राजेन्द्र कासवा की इमारत में हुआ। उनके पास चट्टानी इलाकों में कुएं खोदने के लिये विस्फोटक रखने का लाईसेंस है। कासवा ने जिलेटिन की छड़ों समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री आवासीय इमारत में रखी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई मिनटों तक रूक-रूक कर धमाके होते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहला धमाका इतना जोरदार था कि लोग हवा में उछलते नजर आये धमाके की चपेट में निकट का एक रेस्टोरेंट भी आ गया, जिसमें रखे गैस सिलेण्डर में भी ब्लास्ट हुआ। इसके बाद रेस्टोरेंट की छत ढह गई और वहां स्वल्पाहार करने आये लोग हादसे का शिकार बने। धमाके के चलते बाहर सड़क पर शव विखरे पड़े थे। वहां का दृश्य बहुत ही भयावह था, अधिकांश शवों के चीथड़े उड़े हुए थे। मध्यप्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रूपये मुआवजे की घोषणा की है। पेटलावद में हुये हादसे का जिम्मेदार राजेन्द्र कासवा को माना जा रहा है। घटना के बाद से ही कसावा और उसका पूरा परिवार गायब है। स्थानीय पुलिस ने कसावा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, राजेन्द्र कासवा पिछले 10 साल से न्यू बस स्टैण्ड इलाके में उर्वरक के गोदाम में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्रीरखी थी। इस बारे में पुलिस और प्रशासन के अफसरों को कई बार शिकायत की गई। हादसे के पहले तक कसावा के खिलाफ कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

कासवा का पूरा परिवार ब्लास्टिंग का काम करता है। इन दिनों इसकी मुख्य जिम्मेदारी राजेन्द्र के कंधों पर ही थी, बताया जा रहा है कि राजेन्द्र के पिता शंतिलाल कासवा भी यही काम करते थे उनके बाद राजेन्द्र और दो भाइयों नरेन्द्र और फूलचन्द्र ने भी इसी काम को अपने हाथों में ले लिया। राजेन्द्र कासवा के एक अन्य भाई जमक लाल की 10 साल पहले मौत हुई थी। उस वक्त परिजनो ने गैस की टंकी में विस्फोट को जमकलाल की मौत की बजह बतायी है। पूरे इलाके में माना जाता है कि हादसे जिलेटिन जैसी किसी विस्फोटक सामग्री की बजह से हुआ था। हालांकि इस बारे में अधिकारियों ने कभी भी सत्य से जनता को रूबरू कराने में हिम्मत नहीं जुटा सके। हादसे के बाद पेटलावद पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा।

राजेन्द्र कासवा के तार सीधे प्रदेश भाजपा कार्यालय से जुड़े हुए हैं, संगठन मंत्री अरविंद मेनन का कृपा पात्र कासवा दुर्घटना वाले जिले के प्रभारी मंत्री अंतर सिंह आर्य का करीबी है। ये वही मंत्री है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश को भी तबज्जो नहीं मानते, प्र.मं. मोदी का स्पष्ट निर्देश था कि अपने नजदीकी रिश्तेदार तथा पारिवारजनों को सांसद प्रतिनिधि या विधायक प्रतिनिधि नहीं बनाया जाये पर आर्य ने मोदी के निर्देशों को धता बताते हुये अपने पुत्र विकास आर्य को विधायक प्रतिनिधि बनाया है। मंत्री आर्य के पास अलीराजपुर तथा झाबुआ जिले जो मूलतः अदिवासी जिले है, का प्रभार है। मंत्रीपुत्र विकास आर्य जिला पंचायत सदस्य एवं विधायक व पितामंत्री के प्रतिनिधि हैं, पूरे अंचल में उनका दबदवा है। मंत्री की विधानसभा क्षेत्र बड़वानी जिले के सेंधवा से विधायक है। वीरा स्वामी वर्तमान में प्रभावशाली ठेकेदार ही नही बल्कि लगभग दो दशक से भारतीय जनता पार्टी का निरन्तर बड़वानी का जिलाध्यक्ष है तथा अघोषित रूप से मंत्री अंतर सिंह आर्य परिवार का शुभलाभ का साझीदार है । 15 वर्ष पूर्व मद्रास से रोजी-रोटी की तलाश में आया यह परिवार एक साधारण परिवार था पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में केन्द्रीय मंत्री रहे, एम. वेकैया नायडू, मंत्री आर्य तथा,आर.एस.एस. की सीढ़ी चढ़कर नायडू से नजदीकी हासिल की। इसके बाद तो वीरा स्वामी की लाटरी जैसे खुल गई। क्षेत्र में आम चर्चा है कि आज आदिवासी क्षेत्र अंजड,निवाली,सेंधवा,राजपुरा, पेटलावाद, झाबुआ आदि में भारत सरकार तथा राज्य सरकार के निर्माण के सारे काम वीरा स्वामी के कम्पनी तथा उनकी छूटभैय्या ठेकेदारों की मित्र मंण्डली कर रही है। ट्रैक्टर से ब्लास्टिंग का कार्य इनके द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में किया जा रहा है। इसी का स्टोरेज राजेन्द्र कासवा के निवास पर जमा था, मंत्री आर्य का संरक्षण मिला हुआ है, अतः जिले के अधिकारी कार्यवाही की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। कार्य के शुभ लाभ का एक हिस्सा मद्रास पहुँच जाता है यह अंदर की कहानी है। पेटलावाद घटना के बाद ब्लास्ट की सामग्री जिलेटिन और बारूद आदि का भण्डारण महाराष्ट्र, गुजरात में स्थानांतरित कर दिया है ताकि शासन की छापामार और जॉच रूपी लॉली पॉप से जनता की आँख में धूल झोंकी जा सके वास्तविक कार्यवाही में बचा जा सके। आज यह अनुमान लगाया जाना मुश्किल है कि इनके संरक्षणदाता कहां-कहां तक फैले हुये हैं। चर्चानुसार विधायक पुत्र विकास आर्य राजेन्द्र कासवा तथा वीरा स्वामी नाम के ठेकेदार का एक गठजोड़ झाबुआ तथा अलिराजपुर जिले में चल रहा है। कई घोषित-अघोषित व्यवसाय में इनकी हिस्सेदारियां हैं। आदिवासियों के नाम पर भारत सरकार द्वारा जो भी योजनाये और राशि इस जिले के लिये आती है यह गठजोड़ सुनियोजित तरीके से उन्हे हड़प लेता है। प्रभारी मंत्री अंतर सिंह आर्य का खुला संरक्षण इन्हें प्राप्त है। ऐसे में जिला स्तर के अधिकारियों की क्या विसात इनके ऊपर हाथ डाल सके। हादसे के बाद झाबुआ कलेक्टर का बयान यही दर्शाता है।

कलेक्टर अरूणा गुप्ता के अनुसार राजेन्द्र कासवा के पास चट्टानी इलाकों में कुएं खोदने के लिये विस्फोटक रखने का लायसेंस है। कलेक्टर यह नहीं बता सकी कि बस स्टैण्ड जैसे सार्वजनिक या रहवासी क्षेत्र में क्या भंडारण की भी अनुमति थी। यह कलेक्टर की बेचारगी या कही न कही उनके दवाब में होने की तरफ स्पष्ट इशारा है। इस धूर्त आर्य के साधारण कार्यकर्ता से मंत्री पद तक पहुंचने के कई गवाह जिले में मौजूद है। अंतर सिंह आर्य के संरक्षण में जमकर चौथ वसूली बड़वानी,झाबुआ और अलीराजपुर जिले में चल रही है। मंत्री अंतर सिंह आर्य की सम्पत्ति की जांच सी.वी.आई. से यदि करा ली जाये तो सारे तथ्य सामने आ जायेगे। आज मंत्री आर्य के पास घोषित-अघोषित चल-अचल सम्पत्तियों की भरमार है। आखिर यह राशि उन्हें कही पुरस्कार में ही तो मिली है।

राजेन्द्र कासवा और वीरा स्वामी जैसे लोगों का आदिवासियों की हिस्सेदारी लूटने की छूट देने के एवज में मोटे कमीशन के रूप में मिल रही है। तो क्या इस विषय में अधिकृत जॉच अधिकारी जॉच कर पायेंगें, क्या कमीशन और मौतों के तांडव की कड़ी जुड़ पायेगी क्या देश प्रधानमंत्री मोदी अपने पैतृक राज्य के पड़ोसी आदिवासी जिला की इस क्षेत्र में आकर अपने कलेक्टर और उनके मन के भय को निकाल पायेंगें । जिस जिले में कोई कलेक्टर अपना कार्यकाल पूरा नही कर पाता है,जो अवैध तरीके से आदिवासियों के कल्याण की केन्द्रीय योजनाओं को अपने निजी करोबार में परिवर्तित करने के लिए और अवैध राजनीतिक बसूली के लिए बदनाम और कुख्यात है.। और स्वयं आर्य मंत्री भोलूराम बनने का दिखावा करके देश की संपत्ति की जांच कर रहे है। परिणाम क्या होगा यह भविष्य के गर्भ में है। निर्णय जॉच कर्ता करेंगें अथवा दैविक शक्तियॉ।

सभी शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों का एक ही उद्देश्य लूटना

इंदौर भ्रष्टों और जालसाजों की प्रयोगशाला, इसलिए सबका प्रिय

15 वर्षों में रु. 1500 करोड़ से ज्यादा खर्च फिर भी उचित जल निकासी नहीं

मप्र की व्यावसायिक और मालवा की राजधानी कहे जाने वाले इंदौर मालवा के पठार पर स्थित होने के साथ प्राकृतिक रूप से काफी समृद्ध होने के उपरांत भी शास. अधिकारियों, कर्मचारियों, नेताओं और भूमाफियाओं की गिद्ध निगाहों में लूट से कमाई का अड्डा बनकर रह गया।

प्रदेश के प्रशासनिक गिरोह के हर गिरोही का स्वप्न होता है, इंदौर का जिलाधीश बनना व अन्य सभी विभागों में हुआ, जहां एबी रोड के विकास के नाम पर इं.नं.नि., इं.वि.प्रा. और मप्र लो.नि.वि. सन् 2000 से 2010 करोड़ो रुपए हजम कर गए अभी राजी व गांधी चौराहे से राऊ तक और गंगवाल बस स्टैंड से नावदा पंथ तक की सड़कों पर अभी भी यही हो रहा है, दूसरी तरफ देवास नाके से मांगल्या बाईपास तक मप्र लो.नि.वि. का संभाग क्रमांक-1 इंदौर अनेकों समय विस्तार और महंगाई का भुगतान करते हुए भी 2 वर्ष का कार्य त्रेहान ठेकेदार से 5 वर्ष बाद भी नहीं करवाया। इस बीच मांग्ल्या को इंदौर से जोड़ने वाली पुलिया को बने हुए दो वर्ष भी नहीं बीते थे कि उस पर सुधार कार्य भी प्रारंभ हो गया जबकि उस समय के का.यं. राने को बताया गया था कि पुलिया विस्तार में लगाए जा रहा सरिया बहुत ही कमजोर है। यह ज्यादा समय नहीं चलेगा अभी सुधार कार्य में भी लीपा-पोती कर दी गई है। सड़कों के नाम पर नगर निगम के पार्षदों से लेकर निगमायुक्त, संभागीय आयुक्त तक हर वर्ष सड़कों के सुधार, नवीनीकरण के नाम पर रुपए 200 करोड़ तक हजम कर जाते हैं। जिसमें भारत सरकार, मप्र सरकार और निगम के धन के साथ ही जनसहयोग से भी पार्षद वसूली कर हजम कर जाते हैं, जबकि बीआरटीएस के नाम पर जेएनएनआरयुएम का रुपए 850 करोड़ की सन् 2008 की लागत सन् 2013 तक पहुंचते-पहुंचते रुपए 1200 करोड़ की हो गई, जिसमें ठेकेदार कं0 नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण ने मिलकर रुपए 600 करोड़ हजम किए, जिसमें आकाश त्रिपाठी, संभागायुक्तों का भी मोटा हिस्सा था, सब जानते थे कि यह योजना पूरे शहर के यातायात को न केवल बर्बाद करेगी वरन् दुर्घटनाओं का कारण भी बनेगी, परंतु जनता के पैसे से होली खेलकर सबने प्रयोग भी किए और जनता को परेशान होने और दुर्घटनाओं में घायल होने से लेकर अकाल मृत्यु के शिकार होने के लिए छोड़ दिया।

अब औसतन 40 फुट की बीच की सड़क पर शासन के धूर्त अधिकारियों द्वारा बनाई गई एआईसीटीसीएल की 11 किमी पर सारे दिन मात्र 20 बसें 3-4 फेरे लगाती हैं। जहां पर बसों पर कार्यरत कंडक्टर ड्राइवर जो कुशल श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं, मात्र रुपए 5 से 7 हजार की वेतन मिलता है, अकुशल श्रमिकों को दैनिक मजदूरी रु. 251 और कुशल की रुपए 350 प्रतिदिन है, जबकि सब तकनीकी कर्मचारी है जबकि चालकों के पास व्यावसायिक चालक अनुज्ञप्ति होती है और परिचालक भी व्यावसायिक अनुज्ञप्ति धारक जिसे परिवहन विभाग में होना चाहिए, होता है अधिकांशकर्मी यहां ठेकेदार द्वारा लगाए गए है जिनका रु. 1000 से रु. 2000 प्रति माह प्रतिकर्मी स्वयं हजमकर जाता है, क्योंकि ठेकेदार को भी हर बिल पर 10 प्रश तक वहां के कर्मचारियों को बांटना पड़ता है।

इस बीआरटीएस के विरुद्ध सैकड़ों प्रदर्शन किए जा चुके हैं इसके उपरांत भी भ्रष्टाचार और लूट-खसोट की हठधर्मिता के चलते इसे तोड़ा नहीं जा रहा है, यह प्रयोग भी पूर्णतः असफल है, जिसे सारे धूर्त अधिकारी जानते हैं। फिर भी भ्रष्टाचार से कमाई के चलते सबचुप हैं। बेशक भ्रष्टाचार के इस अरबों रुपए के धन में सब हिस्सेदार हैं। फिर इंदौर विकास प्राधिकरण लाखों रुपए महीना मीडिया को भी बांटता है, इसलिए मीडिया के जिसमें दैनिकों से लेकर दूरदर्शनीय शृंखला के दृष्य-श्रव्य भी शांति से लूट के धन को पचाने में लगे हैं।

स्मार्ट सिटी बनाने के लिए धूर्तता तो चुनाव जीते प्र.म. मोदी का जनता को भ्रमित करने का शिगूफा काम कर रहा है। प्रसार माध्यमों को छापने, प्रसारित करने की मीठी गोली देकर छोड़ दिया गया है, जबकि जिस शहर में सन् 2001 से 2015 तक रुपए 1500 करोड़ से ज्यादा नालियों और सीवरेज पर प्रोजेक्ट उदय, जेएनआरयूएम के साथ नगर निमग इंदौर, इं.वि.प्रा., लो.स्वा. यां. मिलकर खर्च कर चुके हैं। कहीं कोई ठोस नियोजन नहीं, हाल ही में जहां अंबेडकर नगर में प्लास्टिक की 4 इंच पाइप डाली गई तो तिलक नगर 1मी. का सीमेंट पाइप डाला जा रहा था, नगर निगम के सारे इंजिनियर्स वसूली में लगे रहते हैं। लाखों रुपए खर्च करके पार्षदी जीतकर आए अपनी कमाई अपनी जिमाई के हिसाब से ही सड़के बनवाना फिर नालीयों के लिए तुड़वाना फिर सड़के बनवाने में ही कमाई करते रहते हैं।

जिस शहर में टोपो शीट और कांटूर मेप के हिसाब से नियमित और वर्षा के भारी वेग से जल की निकासी की ही मूलभूत जरूरत ही नहीं की गई हो, जबकि सैकड़ों करोड़ जन-धन और एडीबी के ऋण तक से बर्बाद किए जा रहे हो, जहां हर शासकीय अधिकारी भ्रष्टाचार से कमाई करने की गिद्ध नियत से हर काम कर रहा हो। तो कैसी स्मार्ट सिटी वही हाल निजी क्षेत्र की कं. का भी है, भूमाफिया कॉलोनाइजरों से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं, मोबाइल कं., कार कं., मोटर साइकिलो, ज्वेलर्स, शॉपिंग माल्स, मल्टीप्लेक्स आदि वार्ड, बहुराष्ट्रीय कं. यदि भारत में आई है, और मप्र में आएगी तो सबसे बड़ा लक्ष्य इंदौर ही होता है। चारों तरफ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार और जालसाजी से कमाए धन की नदियां, जितना चाहो जैसा चाहो।

इस शहर का इतिहास पूरे प्रदेश के किसी भी शहर के इतिहास से सबसे कमजोर मात्र 400 वर्ष पुरानी बस्ती फिर भी भ्रष्टाचार की राजधानी।

केन्द्र सरकार के भी सभी विभाग कर्मचारियों की कमी से परेशान

डाक विभाग स्पीड पोस्ट, हो गई पोस्ट स्पीड

तत्काल में 10,000 से ज्यादा डाक विवरण कर्मियों की स्थाई भर्तियां या आवश्यक, बंद करो ठेका और संविदा भर्तियां- देश को बर्बाद कर रही विश्व व्यापार संगठन की शर्तें

भारत की बर्बादी में विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन की भूमिका सामने आ चुकी है। अब केन्द्र और राजयों के सभी विभागों की बर्बादी दोनों शासन तंत्रों के ध्वस्त होने के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। भारत में नेहरु गांधी ने 99 वर्ष की सत्ता हस्तांतरण को स्वीकार कर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को पूंजीवादी शोषण और साम्यवादी आलसी मानसिकता से बचकर मिश्रित अर्थव्यवस्था की दीर्घकालीन संतुलित विकास को महत्व दिया। उनके व्यक्तिगत चाल-चरित्र की व्याख्या का कोई औचित्य नहीं है। इसी मिश्रित अर्थव्यवस्था ने भारत को संतुलित और ठोस विकास के मार्ग पर 50 वर्ष तक सफलतापूर्वक चलाया, परंतु यूरोप की धूर्त बहुराष्ट्रीय कं. को यह बिलकुल हजम नहीं हुआ कि भारत अपने दम पर न केवल उन्नति करें, वरन् विकासशील देशों की श्रेणी में आ खड़ा हो, दूसरी ओर युरोपियन धूर्तों के समूह ने विश्व व्यापार संगठन बनाया ही इसलिए था कि दुनिया के अन्य देशों के सभी प्राकृतिक और मानव निर्मित संसाधनों पर इन धूर्त गिद्धों का कब्जा हो, जिसको ये अपने मनमाने तरीके से बेचें, वहां की जनता को गुलाम बनाने के लिए पहले विकास के नाम पर विश्व बैंक से ऋण दिलाएं पूरी सरकारी मशीनरी को ऋण से घी पीना सिखाएं, पूर्णतः भ्रष्ट और निकृष्ट हो जाने पर कर्ज की वूसली के नाम सब पर कब्जा जमाए कानून अपने पक्ष में बनवाए। सरकारी तंत्र को कमजोर, निकम्मा और पंगु बना कर सारी सत्ता को फिर अपनी तरह से हांके। इन धूर्त मक्कार गिद्धों ने 1990 के पूर्व अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका व अन्य महाद्वीपों के अनेको राष्ट्रों को इस तरह से बर्बाद कर दिया था, इसलिए विश्व व्यापार संगठन की इन करतूतों के विरुद्ध 1988 से लगातार विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हो चुका था, इसके विपरित 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव ने उस पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसके अंतर्गत सरकारी खर्च को कम करने के लिए भर्तीयों पर रोक लगा दी गई। जिसके दुष्परिणाम अब सामने हैं। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत चलने वाली डाक-तार सेवाएं, जो विश्व की सबसे बड़ी और जिसकी छोटे से छोटे गावों तक पहुंच थी। भर्तियों के अभाव, डाककर्मियों की लगातार सेवानिवृत्ति और मृत्यु के चलते कर्मियों की कम होती संख्या और बढ़ते कार्य के कारण अब बुरी तरह से लड़खड़ाने लगी है, जबकि कार्य हर क्षेत्र में बढ़ा हैं। इस विभाग की स्पीड पोस्ट जो देश के किसी भी कोने में 24 घंटे में डाक पहुंचाने का दावा करती थी अब 24 दिन के बाद पहुंचाने की जिम्मेदारी नहीं लेती है। यहां तक की शहर की डाक शहर में 4 किमी के फासले पर भी दो-तीन दिन लेने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति और भी विकट है। महीने भर भी डाक पहुंच जाए वो धन्य मानिए। स्पीड पोस्ट की पोस्ट स्पीड का का तरीका बदला जाए। शासकीय कानून निजी कोरियर कं. को मान्यता नहीं देता। लोकतांत्रिक सरकारों को लूटतांत्रिक तरीकों से सरकार चलाने के तरीके से बचना चाहिए। पूरे देश में 10000 से ज्यादा डाक वितरण कर्मियों की आवश्यकता है, देश के 6 लाख से ज्यादा गांवों में स्थाई कर्मियों को पदस्थ किया जाना चाहिए जो अभी संविदा कर्मियों की तरह मजबूरी में ढो रहे हैं। डाक सेवाओं को को समाप्त किया जाए। विश्व व्यापार संगठन की शर्तों को ज़ो जनता की बर्बादी का कारण बन रही है।

बहुराष्ट्रीय कं. पूंजीपतियों के हितों के लिए- बदल रहे श्रम, भूमि, व लागू कर रहे खाद्य सुरक्षा कानून

जनशोषण में मोदी भी कांग्रेस से दस कदम आगे

अच्छे दिनों का शिगूफे बाज पूंजीपतियों को शोषण और लूट के लिए, संशोधन कर रहे कानूनों में

भारत का लोकतंत्र यथार्थ में लूट तंत्र का पर्याय बन गया है, जो भी सत्ता में आया, उसने अपनी लूट और वसूली के लिए जनता के शोषण और लूट का मार्ग ही प्रशस्त करने हेतु सत्ता के मद में चूर होकर कानून ही बना डाले, 60 वर्ष कांग्रेस सत्ता में रही तो पूर्णतः अंग्रेजों की पैदा की नाजायज औलाद की तरह अपने आकाओं के पदचिन्हों पर चलकर 99 वर्ष के पट्टे पर मिली भारत की सत्ता को अपने बाप की जागीर मान फूट डालकर राज करो की नीति पर चलकर हर तरह से हिन्दुओं पर कानून थोपे गए, उन्हें दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने से भी रोका गया, उन्हें दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने पर सरकारी नौकरियों से, चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी गई। सभी प्रकार के करो, आयकर, विक्रय कर, संपत्तिकर, आबकारी, कस्टम एक्साइज, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेसों की सबसे ज्यादा वसूली उनसे की जाती है उस पैसे से खुले में मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति अपनाकर हर तरह आर्थिक सामाजिक और नैतिक रूप से कमजोर किया जाता रहा है।

येन-केन प्रकरेण भाजपा के उदय और अपने आप को हिन्दू व राष्ट्रवादी बन जालसाजी से भाजपा और उसके स्वयंभू नेता मोदी ने सत्ता हथियाई, पर शोषण रूकने समानता का दर्जा मिलने आर्थिक सामाजिक और नैतिक उत्थान की तो दूर ये गुजराती तरीके से देश के प्राकृतिक साधनों से लेकर राष्ट्रीय संपत्तियों, संस्थानों, उद्योगों को ही जिसमें रेलवे, सड़के, विद्युत मंडलों, विद्युत उत्पादन केन्द्रों, परिवहन, संचार साधनों, शासकीय बैंकों, बीमा कंपनी, स्वास्थ्य सेवाओं को ही नीलाम कर अपने पूंजीपति मित्रों को सौंपने और जनता का शोषण करवाने पर तुल गया, पूंजीपतियों के हित साधने, श्रम कानूनों को जो अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा लागू करवाए गए थे। 19 श्रम कानूनों को समाप्त कर नए श्रम लागू करने, उनके हितों को, साधने जीएसटी अर्थात वस्तु व सेवा कर लादने, कृषि भूमि कृषकों से हड़पने, नए भूमि कानून लागू करने के प्रयास करने लगा, ताकि पूंजीपति एक तरफ उत्पादन के मुख्य घटक श्रमिकों से आसानी से आठ घंटे की अपेक्षा 12 से 15 घंटे कार्य ले सकें, न्यूनतम मजदूरी भी न दें, तब मन में आए उसे मजदूरी मांगने पर कभी भी लात मारकर भगा दें, असली उद्योग मालिक उसका चहुंदिशि शोषण करें, परंतु श्रमिक के घायल होने, मृत्यु होने, उद्योग प्रबंधक, ठेकेदार को ही फंसाया जाए, जिसके विरोध में 2 सितम्बर को देश के 15 करोड़ श्रमिकों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की थी।

जनता के शोषण और बहुराष्ट्रीय जालसाज खाद्य व्यवसाय कं. के हितों के पोषण के लिए बनाए गए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 06 के दुष्परिणाम अब जनता के सामने है। हर खाद्य वस्तु की पैकेजिंग में एक तरफ देखने को भी नहीं मिलता कि टाटा की रुपए 200 प्रति किलो की दाल कैसी है?

मप्र लोक भ्रष्टाचार निर्माण विभाग

धन के दम पर नियुक्तियां पाए कर रहे लूट का तांडव

मंत्री सरताज सिंग से लेकर उपयंत्री तक सब भ्रष्ट, 50 से 70 प्रश तक सड़कों की मरम्मत का पैसा हजम । का.यं राणे व माथुर के भ्रष्टाचार की शिकायतों में धन लेकर, का.यं. श्रीवास्तव ने दबाया, अ.यं. जैसवाल, मु.अ. श्रीवास्तव, अ.प.सं. गुप्ता ने बचाया

राष्ट्र की जनता के साथ, प्रशासकीय धूर्त अधिकारियों को लालच दे, ईवीएम मशीनों के साथ जालसाजी से भाजपा ने सत्ता हथिया ली, सत्ता हाथ में आते ही मुखेरे जंगली जानवरों की भांति, कानून, सामाजिकता, सबको त्याग केवल मीडिया के मुखेरो के टुकड़े डाल उनका मुंह बंद कर जुटे हैं नोंचने, लूटने और हजम करने में। जन-धन से नए-नए सूट धारण कर बहरुपिये, राष्ट्र कल्याण के नाम पर विदेशों में नौटंकी करने निकल जाते हैं। चाहे देश में सैकड़ों किसान कर्ज, भूख से आत्महत्या करते रहे। इन मक्कारों को कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसा धूर्त प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री वैसे ही उनके मंत्री और अधिकारी, मंत्रालयों से लेकर तहसीलों और विकास खंडों तक।

